पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

अक्षय तृतीया और ईद–उल–फितर पर राज्यपाल ने दी बधाई

लखनऊः 13 मई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अक्षय तृतीया और ईद–उल–फितर के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद–उल–फितर का पर्व हम सभी को एकता और आपसी भाईचारे का सन्देश देता है। इसी प्रकार अक्षय तृतीया शाश्वत, सुख, सफलता और आनन्द की कभी कम न होने वाली भावना का पर्व है, जिसका मानव जीवन में अपना एक विशेष महत्व है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सभी लोगों से अपील की कि वे वर्तमान वैश्विक महामारी कोविड–19 के प्रकोप से बचने के लिये सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पर्व एवं त्यौहार को मनायें।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी / राजभवन (222 / 09)